27/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चीन के क़िंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक से अलग चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ बातचीत की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के मुद्दों पर रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों का आदान-प्रदान किया और लगभग छह वर्षों के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। श्री सिंह ने कहा कि इस सकारात्मक गति को बनाए रखना और द्विपक्षीय संबंधों में नई जटिलताएँ जोड़ने से बचना दोनों पक्षों की ज़िम्मेदारी है।

0000000000000000000000

भारत ने ऑपरेशन सिंधु के तहत किए जा रहे निकासी प्रयासों में सहयोग के लिए इजरायल, ईरान, जॉर्डन, मिस्र, आर्मेनिया और तुर्कमेनिस्तान की सरकारों के प्रति आभार व्यक्त किया है। इजरायली हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण भारतीय नागरिकों को जॉर्डन और मिस्र के सीमावर्ती देशों में भी ले जाया गया, जहां से उन्हें विशेष उड़ानों के जरिए भारत वापस लाया गया।

0000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम के मेयर, तामे फासांग ने कल जमीनी स्तर का आकलन करने एवं फ्रंटलाइन कर्मचारियों से सीधे संपर्क करने के लिए, विभिन्न नगरपालिका वार्डों का व्यापक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईएमसी के कर्मचारियों से बातचीत की और उनकी चुनौतियों का जायज़ा लिया। सफाई कर्मचारियों ने मेयर के साथ अपनी शिकायतें साझा कीं, जिसमें उनके कठिन काम के बावजूद बेहद कम वेतन जैसे मुद्दे शामिल थे। इससे पहले, मेयर ने गंगा डेली मार्केट का भी दौरा किया और बाजार क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और स्वच्छता में सुधार के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

0000000000000000000000

कॉलेज ऑफ़ एग्रीकलचर पासीघाट में छह दिवसीय सैन्य-नागरिक फ़्युज़न पहल गुरुवार को संपन्न हुआ। यह पहल ईस्ट सियांग जिला प्रशासन और सिगार सैन्य स्टेशन के **स्पीयरहेड गनर्स** के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यशाला में आपदा प्रबंधन, मानवीय सहायता और आपदा राहत, तथा साइट विज़िट और संयुक्त कार्य योजना के निर्माण जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें पासीघाट के विभिन्न कॉलेज, युनिवेर्सिटी, वेटरन और युथ एसोशिएशन के अट्ठावन प्रतिभागियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

महीने भर चलने वाले राष्ट्रव्यापी एंफ़ोर्समेंट ड्राइव के तहत, जिला तंबाकू नियंत्रण सेल, जिला स्वास्थ्य सोसायटी ने गत गुरुवार अपर सियांग जिले के यिंगकियोंग में शैक्षणिक संस्थानों के पास तम्बाकू की दुकानों पर छापेमारी की।

कोटपा अधिनियम 2003 के तहत निजी और सार्वजनिक दोनों तरह के शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के भीतर तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाता है। अभियान के दौरान लगभग 8 किलोग्राम विभिन्न प्रकार के तम्बाकू जब्त किए गए और अधिनियम के उल्लंघन के लिए 12 दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया गया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की आठ विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम आज संपन्न हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए, राज्य के शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने एक मजबूत, जन-केंद्रित विधायिका को आकार देने में निरंतर सीखने, सूचित कानून निर्माण और नैतिक सार्वजनिक सेवा के महत्व पर जोर दिया। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि इन सत्रों से विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय प्रथाओं और शासन में प्रौद्योगिकी एकीकरण के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली।

0000000000000000000000

तवांग जिले के ल्होउ-मुक्तो रोड पर तवांग चू नदी में पहले स्टे केबल ब्रिज के निर्माण के साथ ही एक प्रमुख बुनियादी ढांचे की उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर इस विकास को साझा करते हुए इस परियोजना को राज्य के सुदूर सीमाओं तक पहुंचने वाली आधुनिक इंजीनियरिंग के प्रतीक के रूप में उजागर किया।

0000000000000000000000

ग्रामीण उद्यमिता को मजबूत करने और आत्मनिर्भर समुदायों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (ArSRLM) ने आज ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में उद्यमी पंजीकरण मेला आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान, एडीसी तातलिंग पर्तिन ने विभिन्न विभागों और समुदाय के सदस्यों के बीच एकता और सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

0000000000000000000000

राज्य के ग्यारह एथलीट्स को 1 से 11 जुलाई तक बुल्गेरिया में आयोजित होने वाली कुडो विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में टीम को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें राज्य में उभरती प्रतिभा, धैर्य और दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण बताया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 20 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गीरने और तेज बारीश होने कि संभवना है।

0000000000000000000000

सरकार ने बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (IBPS) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में उम्मीदवारों के वैरिफ़िकेशन के लिए आधार प्रमाणीकरण के उपयोग को ऑथोराइज़ कर दिया है।

वित्त मंत्रालय के अंतर्गत वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि IBPS अब अपने द्वारा आयोजित परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं के दौरान उम्मीदवारों की पहचान वैरिफ़ाइ करने के लिए आधार प्रमाणीकरण का उपयोग कर सकता है।

0000000000000000000000

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने युवाओं के लिए डिजिटल सेवाओं तक पहुँच को आसान बनाने के लिए माय भारत पोर्टल और व्हट्सएप का एकीकरण किया है।

0000000000000000000000